# कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
## वन धन भवन, सेक्टर - 24, नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर

दूरभाषः (0771) 2513100 E-mail: mfpfed.cg@nic.in Website: www.cgmfpfed.org


अधिसूचना क्रमांक/संघ/हर्बल उत्पाद/2023/I दिनांक 29/08/2023

**छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा हर्बल उत्पाद के विक्रय दरों की निविदा सूचना/शर्तें**
**हर्बल उत्पाद क्रय करने हेतु क्रेता द्वारा दिया जाने वाला ऑफर लेटर, निम्न शर्तों के अधीन होगाः-**

1. छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर की निम्नांकित हर्बल उत्पादों को ''जहां है जैसी है स्थिति में'' विक्रय हेतु निम्नानुसार मुहरबंद निविदायें परिशिष्ट-1 पर निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित की जा रही है ।

| लॉट क्र. | स्थान | उत्पाद | पैकिंग साईज | नग | मात्रा (Kg./Litre) | अनुमानित विक्रय मूल्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | |
| 1 | मार्ट गोदाम, तेन्दूपत्ता गोदाम परिसर विधान सभा के पास, बलौदाबाजार रोड़ बरौंदा, जिला रायपुर | आंवला जूस लॉट-1 | 500 ml | 368 | 184 litre | 49,680 | इच्छुक पार्टी ऑफर पूर्व सामान का निरीक्षण कर सकते हैं । |
| **योगः-** | | | | **368** | **184** | | |
| 2 | मार्ट गोदाम, तेन्दूपत्ता गोदाम परिसर विधान सभा के पास, बलौदाबाजार रोड़ बरौंदा, जिला रायपुर | आंवला मुरब्बा लॉट-2 | 900 gm | 281 | 252.9 Kg | 64,630 | |
| **योगः-** | | | | **281** | **252.9** | | |
| 3 | मार्ट गोदाम, तेन्दूपत्ता गोदाम परिसर विधान सभा के पास, बलौदाबाजार रोड़ बरौंदा, जिला रायपुर | सर्वज्वर हर चूर्ण लॉट-3 | 100 gm | 1913 | 191.3 Kg | 5,73,900 | |
| **योगः-** | | | | **1913** | **191.3** | | |

2 निविदा निर्धारित समय के अंदर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में जमा की जा सकेगी।

2.1 पोस्ट अथवा कोरियर अथवा व्यक्तिगत रूप से सीलबंद लिफाफे में भेजी जाने वाली निविदाएँ निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त होने की स्थिति में ही स्पर्धा में सम्मिलित की जाएगी । विलंब से प्राप्त होने वाली निविदाएँ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी । निर्धारित तिथि एवं समय की जानकारी समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन में दे दी गई है ।

2.2 निविदा एक लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी । लिफाफा में सत्यंकार की राशि, परिशिष्ट-01, परिशिष्ट-02 आदि समस्त अभिलेख रखे जाएँगें। इस लिफाफे पर स्पष्ट अक्षरों में निविदा प्रपत्र, सत्यंकार की राशि तथा अन्य दस्तावेज" लिखा जाएगा ।

2.3 जो भी निविदा निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होगी वह खोली नहीं जाएगी ।

2.4 निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार का हस्ताक्षर होना अनिवार्य होगा ।

3. हर्बल उत्पाद को किसी भी कार्यालयीन दिवस में सम्पर्क कर कार्यालयीन समय में नियत स्थान पर संबंधित मार्ट एक्सीक्यूटिव, रायपुर से संपर्क कर देखा जा सकता है ।

4. (i) इच्छुक क्रेता को अपने प्रस्ताव के साथ निम्नानुसार लाट वार EMD की राशि, CHHATTISGARH STATE MINOR FOREST PRODUCE TRADE & DEVELOPMENT COOP FED LTD के नाम देय DD के माध्यम से, अपने क्रय प्रस्ताव के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा । EMD के बिना जमा किए गए प्रस्ताव अमान्य होंगे ।

| लाट क्रमांक | EMD की राशि |
|---|---|
| 1 | 5,000 |
| 2 | 5,000 |
| 3 | 10,000 |

(ii) यदि किसी प्रस्ताव के साथ केवल 1 लाट के लिए EMD जमा की जाती है, तथा उसके द्वारा दोनों लाट के क्रय प्रस्ताव दिए जाते है, तो दोनों में से केवल अधिक प्रतिशत मूल्य वाले प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा ।

5. प्राप्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार **प्रबंध संचालक, लघु वनोपज संघ के पास सुरक्षित होगा ।**

6. प्राप्त निविदाओं का मूल्यांकन विभिन्न निविदाकारों द्वारा वित्तीय प्रस्ताव में उच्चतम बोली **(H1) के आधार पर किया जाएगा ।**

7. यदि किसी कारणवश उच्चतम निविदाकार द्वारा निर्धारित अवधि में हर्बल उत्पाद का क्रय नहीं किया जाता है तो प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ को यह अधिकार होगा कि वह शेष समस्त निविदाकारों को H1 की दरों पर क्रय हेतु आमंत्रित करने हेतु पत्र लिख सके, तथा सहमत होने वाले निविदाकार को H1 की दर पर ही सामग्री का विक्रय कर सके ।

8. सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृति **आदेश की तिथि से 05 दिनों के अंदर शेष राशि समस्त कर सहित जमा कर हर्बल उत्पाद को प्राप्त करना होगा। इस अवधि के उपरान्त संघ का हर्बल उत्पाद के संबंध में कोई दायित्व नही होगा । यदि निर्धारित अवधि में शेष राशि करों सहित जमा नही की जाती है, तो सत्यंकार में जमा राशि राजसात की जावेगी तथा हर्बल उत्पाद का विक्रय कंडिका (7) के प्रावधानानुसार किया जावेगा,** जिसके मूल्य पर क्रेता का कोई अधिकार नही होगा।

9. निविदा के पूर्व हर्बल उत्पाद का भली भांती निरीक्षण कर लिया जावे । निविदा स्वीकृति के पश्चात् इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा ।

9.1 निविदा के शर्तो के उल्लंघन संबंधी विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ के द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा ।

10. हर्बल उत्पाद को परिवहन कराने की समस्त कार्यवाही क्रेता के द्वारा स्वयं के व्यय पर की जावेगी । इन शर्तो के संबंध में निविदा प्रस्तुत करने के कार्य को इस निबंधनों एवं शर्तो की बिना शर्त अभिस्वीकृति समझा जावेगा ।

11. भविष्य में निविदा संबंधी कोई भी सूचना, शुद्धि पत्र केवल वेबसाइट www.cgmfpfed.org पर ही प्रकाशित की जाएगी ।

**प्रबंध संचालक**
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ
नवा रायपुर, अटल नगर

परिशिष्ट-01

# हर्बल उत्पाद के विक्रय दरों के ''आफर-लेटर' का प्रपत्र

1. निविदाकार का पूरा नाम ..............................................................

2. निविदाकार का पूर्ण पता ..............................................................
..............................................................
..............................................................

3. दूरभाष/मो. नम्बर/ई-मेल ..............................................................
..............................................................

4. पैन कार्ड का नं (छायाप्रति संलग्न करें) ..............................................................

5. आधार कार्ड का नं. (छायाप्रति संलग्न करें) ..............................................................

आपके विज्ञापन अधिसूचना क्रमांक/वनो/संघ/हर्बल उत्पाद/2023/I दिनांक 29.08.2023 से विज्ञापित निम्नांकित अपलेखित हर्बल उत्पाद को निम्न दर्शित राशि में क्रय करने हेतु अपना आफर प्रस्तुत करता/करती हूँ:-

| लॉट क्र. | स्थान | उत्पाद | पैकिंग साईज | नग | मात्रा (Kg./Litre) | अनुमानित विक्रय मूल्य | हर्बल उत्पाद क्रय करने हेतु ऑफर राशि (समस्त कर सहित) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | अंको में | शब्दों |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मार्ट गोदाम, तेन्दूपत्ता गोदाम परिसर विधान सभा के पास, बलौदाबाजार रोड़ बरौंदा, जिला रायपुर | आंवला जूस लॉट-1 | 500 ml | 368 | 184 litre | 49,680 | | |
| **योग** | | | | **368** | **184** | | | |
| 2 | मार्ट गोदाम, तेन्दूपत्ता गोदाम परिसर विधान सभा के पास, बलौदाबाजार रोड़ बरौंदा, जिला रायपुर | आंवला मुरब्बा लॉट-2 | 900 gm | 281 | 252.9 Kg | 64,630 | | |
| **योग** | | | | **281** | **252.9** | | | |
| 3 | मार्ट गोदाम, तेन्दूपत्ता गोदाम परिसर विधान सभा के पास, बलौदाबाजार रोड़ बरौंदा, जिला रायपुर | सर्वज्वर हर चूर्ण लॉट-3 | 100 gm | 1913 | 191.3 Kg | 5,73,900 | | |
| **योग** | | | | **1913** | **191.3** | | | |

**नोट :**

1. निविदाकार द्वारा हर्बल उत्पाद क्रय करने हेतु प्रत्येक लॉट की निविदा राशि पृथक-पृथक लॉटवार दर्शित किया जाना अनिवार्य है ।
2. यदि निविदाकार एक लॉट को क्रय करना चाहता है तो ऐसी स्थिति में एक लॉट का निविदा राशि प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकता है ।
3. दर्शायी गई मात्रा में ± 10 प्रतिशत परिवर्तन मान्य होगा ।
4. कॉलम 8 एवं 9 में दर्शायी गयी राशि में कोई अंतर होने पर, शब्दों में लिखी गयी राशि को मान्य किया जाएगा ।
5. निविदाकार यदि एक से अधिक लाट क्रय करना चाहते है, तो एक ही आफर लेटर में लाटवार पृथक-पृथक आफर राशि भर सकते है ।
6. किसी भी लाट साइज का आंशिक आफर स्वीकार योग्य नहीं होगा ।
7. EMD की राशि जमा करने पर ही आफर पर विचार होगा ।

मेरे द्वारा निविदा की शर्त क्रमांक 1 से 11 का भली-भांति अध्ययन किया गया है, तथा उपरोक्त समस्त शर्ते मुझे मान्य है ।

**निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील**

परिशिष्ट-02

# //घोषणा पत्र//

1. मैं लघु वनोपज संघ मुख्यालय, सेक्टर -24, नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा विक्रय हेतु प्रस्तुत हर्बल उत्पाद के लॉटो को जो ''जहां है जैसी स्थिति में है'' के आधार पर परिशिष्ट-1 में अंकित राशि में क्रय करने को तैयार हूँ ।
2. मैं यह घोषित करता हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई दर से तब तक बाध्य रहूंगा जब तक कि सक्षम अधिकारी द्वारा इसे स्वीकार या अस्वीकार करने के आदेश नही हो जाते या दूसरा व्यक्ति या पक्ष इस हर्बल उत्पाद के लिए क्रेता नियुक्त नही हो जाता ।
3. मेरे द्वारा संघ कार्यालय से जारी अधिसूचना की शर्तो का अध्यन किया गया एवं समस्त शर्ते मुझे मान्य है ।
4. मेरे द्वारा हर्बल उत्पाद का पूर्ण परीक्षण / जांच कर लिया गया है ।
5. यदि मेरे नाम से निविदा स्वीकृत होती है, तो मेरे द्वारा निविदा स्वीकृति दिनांक से 05 दिवस के भीतर निविदा राशि अनुसार संम्पूर्ण राशि जमा कर निविदा में दर्शित स्थानों से परिदान प्राप्त कर परिवहन कर लिया जायेगा ।

दिनांक ....................

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

नाम ..............................................

निविदाकार का पूरा पता

(पत्र व्यवहार के लिये)

...................................................

...................................................

दूरभाष क्र. .....................................